# मध्य प्रदेश (राज्य सेवा) मुख्य परीक्षा-2018

## मॉडल पेपर-2

अनुक्रमांक/Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।

**Candidate Should write his/her Roll No. here.**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

**No. of Printed Pages : 4**

कुल प्रश्नों की संख्या : 10

**Total No. of Questions : 10**

**M–2018–V**

**सामान्य हिन्दी**

**GENERAL HINDI**

**पाँचवा प्रश्न-पत्र**

**Fifth Paper**

समयः 3 घंटे | पूर्णांकः 200

**Time: 3 Hours** | **Total Marks: 200**

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देशः**

**Instructions to the Candidates:**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न हैं।
   This Question Paper consists of ten questions.
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
   All questions are compulsory.
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
   Marks for each question have been indicated on the right hand margin.
4. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।
   There is no internal choice in Question No. 1, remaining questions carry internal choice.
5. जहाँ शब्द-सीमा दी गई है, उसका पालन करें।
   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखें।
   Question should be answered exactly in the order in which they appear in the question paper. Answer to the various parts of the same question should be written together compulsorily and no answer of the other question should be inserted between them.

**निर्देश: सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं।**

**1. इन लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में (एक या दो पंक्तियों में) दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 3 (तीन) अंकों के हैं।** **20 × 3 = 60**

(i) 92वें संविधान संशोधन के अंतर्गत कितनी भाषाओं को संविधान में स्थान प्राप्त हुआ? उनके नाम लिखें।

(ii) मुंशी-आयंगर फॉर्मूला क्या है?

(iii) 'राजभाषा' परिनियमावली के अनुसार 'ग' क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किन्हीं तीन राज्य के नाम लिखिये।

(iv) तत्सम का अर्थ समझाते हुए चूरन, बाघ, मक्खन और धीरज शब्दों का तत्सम रूप लिखिये।

(v) प्रत्यय का तात्पर्य क्या है?

(vi) विदेशज को परिभाषित कीजिये।

(vii) स्रोत एवं लक्ष्य भाषा में अंतर बताइये।

(viii) मालवी बोली को किस बोली वर्ग में स्थान दिया जाता है?

(ix) लोक विराम/वर्जन चिह्न को सोदाहरण लिखिये।

(x) सर्वनाम के कितने भेद हैं और वे कौन-कौन से हैं?

(xi) 'व्यंजन संधि' को परिभाषित कीजिये।

(xii) 'कर्मधारय समास' का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

(xiii) त्रिकुटी, विवाद एवं खल शब्द के विलोम शब्द लिखिये।

(xiv) दु:ख, हंस एवं स्तुति के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिये।

(xv) अधर्मी शब्द का समानार्थी शब्द लिखिये।

(xvi) घोड़े बेचकर सोना मुहावरे का अर्थ एवं वाक्यों में प्रयोग करें।

(xvii) 'कंठ' से स्पर्श करने वाले किन्हीं दो वर्णों को लिखिये।

(xviii) "साईं के सब-जीव हैं, कीरी कुंजर दोय" किस कवि की पंक्ति है?

(xix) अवहट्ट का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया?

(xx) वर्तनी का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

**2. निम्नलिखित गद्यावतरण का हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिये:** **20**

सामुदायिक विकास कार्यक्रम को इन तीनों समस्याओं के उत्तर के तौर पर देखा गया। काफी हद तक एकीकृत प्रशासन को स्थापित करने का प्रयास किया गया जिससे निर्देशों की कड़ियाँ ज़िला विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी द्वारा बहु-उद्देशीय ग्राम स्तरीय कार्यकर्त्ता तक पहुँचने लगीं। अब किसी काम को कराने के लिये विभिन्न विभागों के चक्कर काटने के बजाय किसान एक ही सामुदायिक विकास अधिकरण के पास जा सकता है, जिसमें ग्रामीण विकास से संबद्ध सभी संस्थाएँ एक साथ जुड़ी थीं। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत हज़ारों की संख्या में खेतों में जाकर नई तकनीक ने उन संभावनाओं को दर्शाया जिसमें कृषि तकनीक में परिवर्तन कुछ इस प्रकार किया जा सकता था कि किसान के लिये किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं था। एक बार जब यह बात किसान की समझ में आ जाती तो उसकी सदियों पुरानी रूढ़िवादिता दूर हो जाती और अगली समस्या यह उठ खड़ी होती कि उसकी निरंतर बढ़ती मांगों को कैसे पूरा किया जाए!

**अथवा**

यदि कीट प्रतिरोधकता विकसित कर लें तो रासायनिक कीटनाशक धारणीय कृषि में अपना महत्त्व गँवा देते हैं। कीटनाशक प्रतिरोधकता का विकास मात्र प्राकृतिक वरण की क्रिया है। जब आनुवंशिकता-वैविध्य जनसंख्या की बहुत बड़ी संख्या नष्ट हो जाती है, तब इसका घटित होना लगभग सुनिश्चित है। एक अथवा कुछ कीट असामान्य रूप से प्रतिरोधी हो सकते हैं (यह संभवत: इसलिये कि उनमें एक ऐसा एंज़ाइम होता है जो कीटनाशक को निराविषकारी बना सकता है)। यदि यह कीटनाशक बार-बार प्रयोग किया जाता है, तो कीट की हर उत्तरोत्तर पीढ़ी में प्रतिरोधी कीटों का अनुपात बढ़ता जाता है। कीटों की आंतर-प्रजनन दर ठेठ रूप से बहुत अधिक होती है, अत: एक पीढ़ी के कुछ ही कीट अपनी अगली पीढ़ी में सैकड़ों या हज़ारों कीटों को जन्म दे सकते हैं, और इससे कीटों की आबादी में प्रतिरोधकता बहुत तेज़ी से फैल जाती है।

**3. निम्नलिखित अंग्रेज़ी गद्यावतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजियेः 15**

Farm households have many reasons for joining a composting programme, as they possess almost all the basic requirements for composting. Feedstocks, air, water, land and labour are present already on the farm although the scale of composting would be an important determinant of the resources available. The resulting composting product is a resource for the farmer and can be an additional source of revenue. The compost produced can be used on farm or sold to other farmers and community members. Like any product, compost must be marketed adequately and issues about producing a high quality material need to be addressed if the farmer expects to get revenue from the composting operation.

**Or**

India as a nation has done enough for ensuring world peace and harmony. India is always a constant force in their attitude against war and other inhuman activities. Through the U.N. and Common Wealth, India has made its voice of non–violence and peace echo throughout the World. India has provided its helping hands for many nations at the time of war and other natural calamities–like War in Afganistan, Earth Quakes in Turkey, Iraq and Pakistan. India proved a model for many nations by sticking to their secular principles and keeping people of many sects and religions under one shade. Apart from the terrorist activities, mostly forced from outside, India is successful in providing peace for its citizens as well.

**4. निम्नलिखित गद्यांश का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिये तथा रेखांकित पंक्तियों का भाव-पल्लवन अपने शब्दों में कीजियेः 10 + 5 = 15**

कभी-कभी लोग अपने कुटुंबियों या स्नेहियों से झगड़कर क्रोध में अपना ही सिर पटक देते हैं। यह सिर पटकना अपने को दुःख पहुँचाने के अभिप्राय से नहीं किया जाता क्योंकि बिल्कुल बेगानों के साथ कोई ऐसा नहीं करता। जब किसी को क्रोध में अपना ही सिर पटकते या अंग-भंग करता देखें तब समझ लेना चाहिये कि उसका क्रोध ऐसे व्यक्ति के ऊपर है जिसे उसके सिर पटकने की परवाह है अर्थात् जिसे उसका सिर फूटने से उस समय नहीं तो आगे चलकर दुःख पहुँचेगा। क्रोध का वेग इतना प्रबल होता है कि कभी-कभी मनुष्य यह भी विचार नहीं करता कि जिसने दुःख पहुँचाया है, उसमें दुःख पहुँचाने की इच्छा थी या नहीं। इसी से कभी तो अचानक पैर कुचल जाने पर किसी को मार बैठता है और कभी ठोकर खाकर कंकड़-पत्थर तोड़ने लगता है।

**अथवा**

राष्ट्रभाषा की आवश्यकता राष्ट्रीय सम्मान की दृष्टि से भी है। अपने को एक ही राष्ट्र के निवासी मानने वाले दो व्यक्ति किसी विदेशी भाषा में बात करें, यह हास्यास्पद असंगति है। इस बात का द्योतक भी है कि उस देश में कोई समुन्नत भाषा नहीं है। दूसरे के सामने हाथ पसारना समृद्धि का नहीं, दरिद्रता का चिह्न है। दूसरे की भाषा से काम चलाना भी बहुत-कुछ वैसा ही है। जिसकी अपनी भाषा है वह दूसरों की भाषा क्यों उधार ले? इससे राष्ट्रीय सम्मान में बट्टा लगता है। विदेशों में जाने पर भारतीयों को अंग्रेज़ी में बात करते देखकर वहाँ के निवासी आश्चर्य से पूछ बैठते हैं कि क्या आपकी अपनी कोई भाषा नहीं है? इस प्रश्न का क्या उत्तर दिया जाए! भाषाएँ तो हमारे यहाँ अनेक हैं– एक से एक सुंदर एवं समृद्ध। हीन भावना के कारण हम उनको नहीं अपना पाते हैं। अपनी साहित्यिक और भाषिक समृद्धि पर संदेह बना रहता है।

**5. प्रपत्र से क्या तात्पर्य है? परिपत्र एवं प्रपत्र में भिन्नता बताइये। 15**

**अथवा**

**अधिसूचना एवं कार्यालय आदेश में क्या अंतर होता है?**

**6. निम्नलिखित अंग्रेज़ी शब्दों में से किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखियेः 15**

(i) Nomination Paper
(ii) Sub Inspector
(iii) Regularization
(iv) Repeal
(v) Output
(vi) Obscure
(vii) Tender
(viii) Clean Service
(ix) Incumbent
(x) Pretext

**अथवा**

**निम्नलिखित हिन्दी शब्दों में से किन्हीं पाँच के अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्द लिखियेः**

(i) प्रमाणित करना
(ii) छावनी
(iii) परामर्श
(iv) सुविधा
(v) अवज्ञा
(vi) जानबूझकर
(vii) प्रतिनियुक्ति
(viii) प्रेषक
(ix) पकड़ना
(x) कूटनीति

**7. निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पाँच का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये:** **5 × 3 = 15**

(i) अँधेरे में तीर चलाना
(ii) आसमान सिर पर उठाना
(iii) उल्टे छुरे से मूँड़ना
(iv) कलई खुलना
(v) काठ का उल्लू
(vi) खाला का घर
(vii) अपनी करनी पार उतरनी
(viii) खग जाने खग ही की भाषा
(ix) तबेले की बला बंदर के सिर
(x) रोज कुआँ खोदना, रोज पानी पीना

**8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिये:** **5 × 3 = 15**

(i) तीखा का तत्सम शब्द लिखिये।
(ii) कर्पट का तद्भव शब्द लिखिये।
(iii) 'अमूल' और 'अमूल्य' का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
(iv) नैसर्गिक शब्द के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिये।
(v) प्रति+उत्तर की संधि कीजिये।
(vi) नवरात्र में कौन-सा समास है?
(vii) 'पूर्ण विराम' का चिह्न अंकित कीजिये।
(viii) पाश्चात्य का विलोम शब्द लिखिये।
(ix) उद्योग का संधि-विच्छेद कीजिये।
(x) अकाल का समानार्थी शब्द लिखिये।

**9. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिये:** **5 × 3 = 15**

शिक्षाशास्त्री और जनसामान्य जिनकी यह कामना है कि सभी अनुशासनों और स्तरों पर विश्वविद्यालय शिक्षा के माध्यम के रूप में प्रांतीय भाषाओं को अपना लिया जाए, वस्तुत: इस वास्तविकता पर बल देते हैं कि बच्चे की मातृभाषा ही शैक्षणिक दृष्टि से सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम हो। स्वतंत्र देशों में इस बात पर ज़ोर दिया जाता है कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा तथा विश्वविद्यालयों के सभी अनुशासनों की शिक्षा का माध्यम सामान्यत: मातृभाषा ही हो। यह भी तर्क दिया जाता है कि आजकल पूर्व महाविद्यालयों के स्तरों पर विद्यार्थियों की शिक्षा का माध्यम उनकी मातृभाषा होती है और जैसे ही वे विश्वविद्यालय में प्रवेश करते हैं उन्हें अंग्रेज़ी माध्यम अपनाना पड़ता है, जो शैक्षणिक दृष्टि से दोषपूर्ण है। उनका संकेत है कि ऐसा बदलाव शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है और ग्रहणशीलता के अभाव के परिणामस्वरूप विद्यार्थी की प्रतिक्रिया जगाने में असफल हो जाता है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय शिक्षा योजना के अंतर्गत वह राष्ट्रीय प्रतिष्ठा, जिसे वैधानिक रूप प्राप्त है, चाहती है कि विश्वविद्यालयी शिक्षा अब और लंबे समय तक अंग्रेज़ी को शिक्षा का माध्यम न स्वीकार करे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिये।
(ii) विश्वविद्यालयी शिक्षा के माध्यम के रूप में भाषा का चुनाव निश्चित करने में राष्ट्रीय स्वाभिमान की कौन-सी भूमिका है?
(iii) प्रांतीय भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने के विरोध में अन्य दो तर्क कौन-कौन से हैं?
(iv) विश्वविद्यालय के स्तर पर सहसा अंग्रेज़ी को शिक्षा का माध्यम बनाना क्यों अवांछनीय है?
(v) जो लोग प्रांतीय भाषाओं को विश्वविद्यालयी शिक्षा का माध्यम बनाना चाहते हैं, उनका पहला तर्क क्या है?

**अथवा**

मन पर नियंत्रण का अर्थ भावों का दमन नहीं, अपितु उनका परिष्कार करना है। उदात्त मूल्यों से युक्त सकारात्मक भावों द्वारा ही सतही या अनुपयोगी व घातक भावों से मुक्ति प्राप्त करना संभव है। सकारात्मक भावों के विरोधी तथा अनुपयोगी नकारात्मक भावों से बचाव करना बहुत आवश्यक हो गया है। इसके लिये निरंतर सकारात्मक भावों को दृढ़ से दृढ़तर करते चलना आज के समय की अनिवार्यता बन गई है। यह कैसे संभव है? इस प्रश्न का उत्तर केवल इतना ही है कि यह भी मन की दृढ़ता से ही संभव है। याद रखिये, मन के हारे हार है, मन के जीते जीत, छोड़िये निराशा और कर्म कीजिये।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिये।
(ii) मन की दृढ़ता से क्या आशय है?
(iii) आज की अनिवार्यता क्या है?
(iv) उदात्त मूल्यों से युक्त सकारात्मक भाव का क्या आशय है?
(v) 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत' पंक्तियों से आप क्या समझते हैं?

**10. विश्व हिन्दी सम्मेलनों की सार्थकता पर अपना मत व्यक्त कीजिये।** **15**

**अथवा**

**राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालिये।**